पाकिस्तान को विशेष सैन्य उपकरण उपलब्ध कराएगा रूस : लावरोव

इस्लामाबाद, 7 अप्रैल (भाषा)।

रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने बुधवार को कहा कि उनका देश पाकिस्तान को अनिर्दिष्ट 'विशेष' सैन्य उपकरण उपलब्ध कराएगा। शीत युद्ध काल के इन दो विरोधियों के बीच आतंकवाद से लड़ने में सहयोग बढ़ाने और संयुक्त नौसैन्य व भूमि अभ्यास करने पर सहमति बनी है।

करीब एक दशक में पाकिस्तान जाने वाले रूस के पहले विदेश मंत्री, लावरोव ने अपने पाकिस्तानी समकक्ष शाह महमूद कुरैशी के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तरीय वार्ता के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में ये टिप्पणियां की। वार्ता के दौरान दोनों में अर्थव्यवस्था, व्यापार, आतंकवाद से निपटने और रक्षा समेत सुरक्षा के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने पर सहमति जताई।

लावरोव ने रूसी ऊपकरण के ब्योरे दिए बिना कहा, 'पाकिस्तान को विशेष सैन्य उपकरण की आपूर्ति समेत हम पाकिस्तान की आतंकवाद रोधी क्षमता को बढ़ाने के लिए तैयार हैं। यह क्षेत्र के सभी राज्यों के हित में है।' साथ ही उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने सैन्य अभ्यासों के आयोजन पर भी सहमति जताई है।

रूस और पाकिस्तान 2016 से संयुक्त अभ्यास – द्रुजबा का हर साल आयोजन करते हैं। रूस ने पूर्व में कहा था कि भारत को पाकिस्तान के साथ उसके संबंधों को लेकर चिंतित नहीं होना चाहिए

इस्लामाबाद में बुधवार को रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी।

और मास्को इस्लामाबाद के साथ संबंध विकसित करने के प्रति प्रतिबद्ध है क्योंकि वह शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का एक सदस्य है।

चीन ने हमला किया तो ताइवान आखिरी दिन तक लड़ेगा : वू

ताइपे, 7 अप्रैल (एपी)।

- ताइवान के विदेश मंत्री जोसेफ वू ने कहा कि सोमवार को ताइवान के हवाई क्षेत्र में चीन के 10 युद्धक विमानों ने उड़ान भरी और ताइवान के पास उसने अभ्यास के लिए एक विमान वाहक समूह को तैनात किया है।
- चीन ताइवान की लोकतांत्रिक तरीके से निर्वाचित सरकार को मान्यता नहीं देता है, और चीनी नेता शी जिनपिंग ने कहा कि दोनों के एकीकरण को अनिश्चितकाल के लिए नहीं टाला जा सकता है।

ताइवान के विदेश मंत्री जोसेफ वू ने बुधवार को कहा कि अगर चीन ने हमला किया तो द्वीप अंतिम दिन तक अपनी रक्षा करेगा।

जोसेफ वू ने कहा कि सैन्य धमकी के साथ सुलह के चीन के प्रयासों से द्वीप के निवासियों को मिश्रित संकेत मिल रहे हैं। चीन दावा करता है कि ताइवान उसका भूभाग है। वू ने कहा कि सोमवार को ताइवान के हवाई क्षेत्र में चीन के 10 युद्धक विमानों ने उड़ान भरी और ताइवान के पास उसने अभ्यास के लिए एक विमान वाहक समूह को तैनात किया है।

वू ने संवाददाताओं से कहा, 'हम बिना किसी सवाल के, अपना बचाव करने के लिए तैयार हैं। अगर हमें युद्ध लड़ने की जरूरत हुई तो हम युद्ध लड़ेंगे, और अगर हमें आखिरी दिन तक अपना बचाव करना पड़ा तो हम अपना बचाव करेंगे।' चीन ताइवान की लोकतांत्रिक तरीके से निर्वाचित सरकार को मान्यता नहीं देता है, और चीनी नेता शी जिनपिंग ने कहा कि दोनों के एकीकरण को अनिश्चितकाल के लिए नहीं टाला जा सकता है।

वू ने मंत्रालय की एक ब्रीफिग में कहा, 'वे एक ओर अपनी संवेदनाएं भेजकर ताइवान के लोगों को आकर्षित करना चाहते हैं, लेकिन वहीं वे ताइवान के करीब अपने सैन्य विमान और सैन्य पोतों को भी भेज रहे हैं ताकि ताइवान के लोगों को भयभीत किया जा सके। चीन ताइवानी लोगों के लिए मिश्रित संकेत भेज रहा है।' चीन की सैन्य क्षमताओं में भारी सुधार और ताइवान के आसपास उसकी बढ़ती गतिविधियों ने अमेरिका की चिताएं बढ़ा दी हैं, जो कानूनी रूप से यह आश्वासन देने के लिए बाध्य है कि ताइवान खुद का बचाव करने में सक्षम है। ताइवान और चीन 1949 में गृह युद्ध के बीच अलग हो गए थे और ताइवान के ज्यादातर लोग मुख्य भूमि के साथ मजबूत आर्थिक आदान-प्रदान जारी रखते हुए वास्तविक स्वतंत्रता की मौजूदा स्थिति को बनाए रखने के पक्ष में हैं।

यूरोपीय औषधि नियामक को एस्ट्राजेनेका के टीके और रक्त में दुर्लभ थक्कों के बीच संभावित संपर्क मिला

लंदन, 7 अप्रैल (एपी)।

यूरोपीय संघ के औषधि नियामक ने कहा कि उसने एस्ट्राजेनेका के कोरोना वायरस रोधी टीके और रक्त में दुर्लभ थक्कों की समस्या के बीच संभावित संपर्क ढूंढ़ लिया है। हालांकि इसने यह भी कहा कि जोखिमों की तुलना में इस टीके के अब भी लाभ अधिक हैं।

'यूरोपियन मेडिसिन्स एजंसी' (ईएमए) ने बुधवार को जारी बयान में 18 साल और इससे अधिक आयु के लोगों के लिए टीके के इस्तेमाल को लेकर किसी नए प्रतिबंध की घोषणा नहीं की। इस सप्ताह के शुरू में एजंसी के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा था कि विश्वभर में एस्ट्राजेनेका के टीके और हजारों लोगों में से दर्जनों में रक्त के दुर्लभ थक्कों के बीच एक कारणात्मक संपर्क मिला है। एम्सटर्डम आधारित एजंसी के स्वास्थ्य जोखिम व टीका रणनीति के प्रमुख मार्को कैवलेरी ने मंगलवार को रोम के अखबार से कहा, 'यह कहना बहुत मुश्किल होता जा रहा है कि एस्ट्राजेनेका के टीकों और प्लेटलेट कम होने से जुड़े रक्त के अत्यंत दुर्लभ थक्कों के बीच कोई कारणात्मक संपर्क नहीं है।' एजंसी ने कहा कि उसका मूल्यांकन अभी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा है और वर्तमान में समीक्षा जारी है।

ईएमए के कार्यकारी निदेशक एमेर कुक ने कहा, 'एस्ट्राजेनेका का टीका लगाए जाने के बाद रक्त के असामान्य थक्के बनने के कथित मामलों को टीके के संभावित दुष्प्रभावों के रूप में रखा जाना चाहिए।'

भारत और पाकिस्तान के बीच प्रत्यक्ष वार्ता का समर्थन करते हैं : अमेरिका

वाशिंगटन, 7 अप्रैल (भाषा)।

अमेरिका ने मंगलवार को कहा कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच आपसी विवाद को सुलझाने के लिए प्रत्यक्ष वार्ता का समर्थन करता है। बहरहाल, अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने भारत से चीनी और कपास आयात नहीं करने के पाकिस्तानी कैबिनेट के हालिया फैसले पर कोई टिप्पणी नहीं की।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'मैं इस पर कोई विशेष टिप्पणी नहीं करना चाहता।' प्राइस ने सवाल के जवाब में कहा, 'मैं यही कहना चाहता हूं कि हम भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के मामलों पर प्रत्यक्ष वार्ता का समर्थन करते हैं।'

ईरानी सरकारी टीवी ने लाल सागर में ईरानी पोत पर हमले को स्वीकारा

दुबई, 7 अप्रैल (एपी)।

ईरान के सरकारी टीवी चैनल ने यमन के निकट लाल सागर में वर्षों से खड़े ईरानी मालवाहक पोत पर हमले की बात बुधवार को स्वीकार की। ऐसा माना जाता है कि यह पोत अर्द्ध सैन्य बल 'रेवोल्यूशनरी गार्ड' का अड्डा है।

सरकारी टीवी ने विदेशी मीडिया का हवाला देते हुए यह बयान दिया, जो कि 'एमवी साविज' की संलिप्तता वाली रहस्यमयी घटना को लेकर ईरान की पहली टिप्पणी है। ऐसा संदेह है कि इजराइल ने यह हमला किया है। यह हमला ऐसे समय में किया गया है, जब ईरान और विश्व की अन्य शक्तियां ईरानी परमाणु समझौते में अमेरिका के पुनः शामिल होने की संभावना के बारे में पहली वार्ता के लिए वियना में बैठक कर रहे है। सऊदी अरब ने क्षेत्र में इस पोत की मौजूदगी की कई बार निंदा की है। पश्चिमी और संयुक्त राष्ट्र विशेषज्ञों का कहना है कि ईरान ने यमन में हूती विद्रोहियों को हथियार और समर्थन मुहैया कराया है, लेकिन ईरान ने इसका खंडन किया है। ईरान का कहना है कि साविज लाल सागर और बाब अल-मंडब जलडमरूमध्य में 'समुद्री डकैती विरोधी' प्रयासों में मदद करता है। सरकारी टीवी पर प्रस्तोता ने 'न्यूयॉर्क टाइम्स' की उस रिपोर्ट का जिक्र किया, जिसमें एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से कहा गया है कि इजराइल ने अमेरिका को सूचित किया है कि उसी ने पोत पर मंगलवार सुबह हमला किया। जब 'एसोसिएटेड प्रेस' ने इस बारे में इजराइली अधिकारियों से मंगलवार रात संपर्क करने की कोशिश की, तो उन्होंने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

अमेरिका में 19 अप्रैल से हर वयस्क को लगेगा टीका : बाइडेन

वाशिंगटन, 7 अप्रैल (भाषा)।

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि देश में 19 अप्रैल से हर वयस्क टीकाकरण के लिए पात्र होगा। इससे पहले सभी वयस्कों के लिए टीकाकरण अभियान को शुरू करने की तारीख एक मई तय की गई थी।

राष्ट्रपति ने मंगलवार को यह घोषणा ऐसे वक्त की जब अमेरिका में कोरोना के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। कोरोना के मामलों पर नजर रखने वाले जॉन हॉपकिस विश्वविद्यालय के मुताबिक अमेरिका में संक्रमण के 3,08,46,300 मामले आ चुके हैं और 5,56,500 लोगों की मौत हो चुकी है। बाइडेन ने कहा, 'जब तक हम महामारी पर काबू नहीं पा लेते और अपने अभियान में सफल नहीं हो जाते तब तक यह जरूरी है कि हर कोई अपने हाथों को धोए, सामाजिक दूरी का पालन करे और मास्क पहने।' बाइडेन ने कहा कि 19 अप्रैल से हर वयस्क टीका लगवा सकेगा व टीकाकरण अभियान का विस्तार होगा। राष्ट्रपति ने वाइट हाउस में घोषणा की कि 19 अप्रैल से 18 साल या उससे अधिक उम्र का हर कोई टीका लगवाने का पात्र होगा। उन्होंने कहा, 'अब कोई भ्रामक नियम नहीं। और अधिक भ्रामक पाबंदी नहीं।'

बाइडेन ने कहा कि अमेरिका विषाणु के खिलाफ जंग में अब भी संघर्ष कर रहा है और उनके प्रशासन ने महज 75 दिन के भीतर रिकॉर्ड 15 करोड़ लोगों का टीकाकरण किया है।

इंडियाबुल्स एस्टेट लिमिटेड
(CIN NO: U45201DL2005PLC139676)
ईमेल:www.indiabullsrealestate.com
कॉर्पोरेट पताः इंडियाबुल्स हाउस "448– 451, उद्योग विहार, फेज – V, गुरुग्राम –122001

सार्वजनिक सूचना

जबकि, इंडियाबुल्स एस्टेट लिमिटेड, 2009 का लाइसेंस नं. 70 दिनांक 24.11.2009 के नियम और शर्तों के अनुसार सेक्टर –26, 26ए, 33 और 34, ग्राम रथधाना, जिला सोनीपत में भूमि मापक्षेत्र 99.309 एकड़ में आवासीय प्लॉटेड कॉलोनी के विकास की प्रक्रिया में है। डायरेक्टर, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, हरियाणा ("डीटीसीपी") द्वारा कॉलोनी का पार्ट कम्प्लीशन लाइसेंस प्रदान किया गया है। आवासीय प्लॉट कॉलोनी रेरा अधिनियम, 2016 के प्रावधानों के तहत पंजीकरण संख्या 2017 का 335 दिनांक 24.10.2017 मेमो नं. एलसी–800–बी–जेई(एमके)– 2021/5630 दिनांक 05.03.2021 के तहत पंजीकृत है। डायरेक्टर, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग ने उपर्युक्त लाइसेंस संख्या के अधीन अतिरिक्त भूमि मापक्षेत्र 3.725 एकड़ के विकास के लिए एक नया इंटेंट लेटर जारी किया है। इस प्रकार लाइसेंस प्राप्त कॉलोनी का भूमि मापक्षेत्र अब 99.309 + 3.725 = 103.034 एकड़ हो गया है और तदनुसार कॉलोनी का पूर्व अनुमोदित लेआउट प्लान ड्राइंग नंबर डीजी, टीसीपी–2499 दिनांक 22.04.2011 को पहले से स्वीकृत लेआउट प्लान/में किसी भी बदलाव को प्रभावित किए बिना संशोधित किया जा रहा है।

फिर भी पूर्वअनुमोदित प्लान में अतिरिक्त भूमि 3.725 एकड़ के जोड़े जाने के कारण अंतिम अनुमति देने के लिए उपर्युक्त इंटेंट लेटर दिनांक 05.03.2021 की शर्त संख्या 10 व रेरा अधिनियम की धारा –14 (2)(ii) के तहत आवासीय प्लॉट कॉलोनी के मौजूदा आवंटियों से सहमति/आपत्तियां आमंत्रित की जाती हैं।

तदनुसार, इस सार्वजनिक सूचना द्वारा संशोधित लेआउट प्लान पर मौजूदा आवंटियों से सहमति/आपत्तियां, यदि कोई हो, को आमंत्रित किया जाता है। मौजूदा स्वीकृत लेआउट योजना और संशोधित लेआउट योजना मौजूदा आवंटियों के लिए/संदर्भ के लिए उपलब्ध हैं: **क)** हमारी वेबसाइट– www.indiabullsrealestate.com; **ख)** अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में "इंडियाबुल्स हाउस"448–451, उद्योग विहार, चरण – V, गुरुग्राम –122001 और **ग)** में परियोजना स्थल कार्यालय में आईबी सिटी, सोनीपत, हरियाणा और **घ)** जिला टाउन प्लानर सोनीपत के कार्यालय में, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग हरियाणा, एचएसवीपी कॉम्प्लेक्स, सेक्टर –12, सोनीपत, हरियाणा।

इन संशोधित लेआउट योजना पर किसी भी मौजूदा आवंटी को यदि कोई भी आपत्ति है, वह जिला टाउन प्लानर, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग, एचएसवीपी कॉम्प्लेक्स, सेक्टर –12, सोनीपत और अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन के तीस (30) दिनों के अंदर दर्ज कर सकता है। असफल रहने पर यह माना जाएगा कि लेआउट योजना में प्रस्तावित संशोधन के लिए कोई आपत्ति नहीं है और तदनुसार यह भी माना जाएगा कि आवश्यकता इंटेंट लेटर की शर्त संख्या 10 और रेरा अधिनियम, 2016 की धारा 14 (2)(ii) के प्रावधानों को भी पूरा कर लिया गया है और मौजूदा आवंटियों की पूर्व लिखित सहमति को माना जायेगा कि उनकी सहमति मिल गई है।

स्थानः गुरुग्राम — इंडियाबुल्स एस्टेट लिमिटेड के लिए
दिनांकः 08.04.2021 — अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता

रुपया 105 पैसे गिर कर 74.47 प्रति डॉलर पर बंद

मुंबई, 7 अप्रैल (भाषा)।

देश में कोरोना महामारी का प्रकोप फिर फैलने से बढ़ती चिंताओं के बीच विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 105 पैसे गिरकर 74.47 (अनंतिम) प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

अन्तरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, डॉलर के मुकाबले रुपया 73.52 पर खुला और कारोबार के दौरान 73.52 से 74.50 रुपये के बीच रहा। अंत में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया अपने पिछले बंद भाव 73.42 रुपए के मुकाबले 105 पैसे टूटकर 74.47 प्रति डालर पर बंद हुआ। इस बीच, विश्व की छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला, डॉलर सूचकांक, 0.06 फीसद घटकर 92.28 रह गया। वैश्विक मानक माने जाने वाले, ब्रेंट क्रूड वायदा 0.53 फीसद की तेजी के साथ 63.07 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर चल रहा था।

सौर ऊर्जा विनिर्माण उद्योग को बढ़ावा देने के लिए योजना को मंजूरी

नई दिल्ली, 7 अप्रैल (भाषा)।

सरकार ने बुधवार को देश में सौर बिजली बनाने में काम आने वाले पीवी मोड्यूल्स के देश में विनिर्माण को प्रोत्साहन देने के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना (पीएलआइ) को मंजूरी दी। इस योजना पर सरकार 4,500 करोड़ रुपए व्यय करेगी।

योजना का लक्ष्य एकीकृत सौर पीवी मोड्यूल्स विनिर्माण संयंत्र की दस हजार मेगावाट की नई क्षमता जोड़ना है। इसके तहत सौर पीवी विनिर्माण के क्षेत्र में करीब 17,200 करोड़ रुपए का प्रत्यक्ष निवेश होने का अनुमान है। सरकार के अनुसार पीएलआइ योजना से करीब 30 हजार प्रत्यक्ष और 1.2 लाख अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने का अनुमान है। आधिकारिक बयान के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में नवीन व नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के उच्च कुशलता वाले सोलर पीवी (फोटो वॉल्टिक) मोड्यूल में गीगा वॉट पैमाने की विनिर्माण क्षमता हासिल करने के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना, उच्च दक्षता के सौर पीपी मोड्यूल के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम (नेशनल प्रोग्राम ऑन हाई एफिशेंसी सोलर पीवी मेड्यूल) के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इस परियोजना पर 4,500 करोड़ रुपए की लागत आएगी।

आयकर कानून का प्रावधान निरस्त करने का अदालती फैसला सही : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, 7 अप्रैल (भाषा)।

सुप्रीम कोर्ट ने आयकर कानून के एक प्रावधान को आंशिक तौर पर निरस्त करने के दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले को सही ठहराया है। यह प्रावधान कर आकलन पर दिए गए स्थगन को 365 दिन से आगे बढ़ाने की अनुमति नहीं देता है। न्यायाधिकरण में अपील में सुनवाई में देरी के लिए करदाता किसी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होने के बावजूद इसमें स्थगन को आगे नहीं बढ़ाया जाता है। हाई कोर्ट ने इस प्रावधान को मनमाना और पक्षपातपूर्ण बताया। आयकर कानून 1961 की धारा 254 (2ए) का एक प्रावधान आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) द्वारा आयकर विभाग के किसी करदाता के किए गए कर आकलन पर दिए गए स्थगन आदेश को 365 दिन से आगे बढ़ाने की अनुमति नहीं देता है।

एसी और एलईडी के लिए 6,238 करोड़ रुपए की योजना मंजूर

नई दिल्ली, 7 अप्रैल (भाषा)।

सरकार ने बुधवार को एअर कंडीशनर और एलईडी लाइट के लिए 6,238 करोड़ रुपए के व्यय से उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआइ) योजना को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि एसी और एलईडी के लिए पीएलआई योजना की मंजूरी से इन क्षेत्रों में घरेलू विनिर्माण को मजबूती मिलेगी। उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना का मकसद संबंधित क्षेत्रों की अक्षमताओं को दूर कर, पैमाने की मितव्ययिता के साथ दक्षता सुनिश्चित करके देश में वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी विनिर्माण को बढ़ावा देना है। पूर्ण रूप से अनुकूल परिवेश तैयार करने और भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का अभिन्न हिस्सा बनाने के मकसद से योजना तैयार की गई है।

सूचकांक में 460 अंक की उछाल

नई दिल्ली, 7 अप्रैल (भाषा)।

बैंक और वाहन जैसे ब्याज दर के प्रति संवेदनशील शेयरों को रिजर्व बैंक की नीतिगत घोषणाओं के बाद निवेशकों से मिले समर्थन से घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को अच्छा उछाल दिखा और बाजार का बैरोमीटर समझा जाने वाला सूचकांक 460 अंक सुधर कर बंद हुआ। डॉलर के मुकाबले रुपए में बड़ी गिरावट से सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र के शेयरों में भी सुधार दिखा।

कोरोना विषाणु संक्रमण तेज होने से अर्थव्यवस्था के सामने नई परेशानियां खड़ी होने की चिंता के बीच रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने बुधवार को अपनी द्वैमासिक समीक्षा में कर्ज सस्ता रखने के नीतिगत रुख को जारी रखने और पहली तिमाही में एक लाख करोड़ रुपए की सरकारी प्रतिभूतियों खरीद की घोषणा की। बीएसई के 30 प्रमुख शेयरों पर आधारित सूचकांक 460.37 अंक यानी 0.94 फीसद उछल कर 49,661.76 अंक पर बंद हुआ। नेशलन स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 135.55 अंक यानी 0.92 फीसद लाभ के साथ 14,819.05 पर पहुंच गया।

सूचकांक के लाभ में रहे शेयरों में एसबीआइ 2.25 फीसद चढ़ गया। आइसीआइसीआइ बैंक, नेस्ले इंडिया, इंडसइंड बैंक , एमएंडएम, बजाज आटो और मारुति भी लाभ में रहे। डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर में एक रुपए पांच पैसे की भारी गिरावट से सूचना प्रौद्योगिकी निर्यातक कंपनियों के काउंटरों पर जबदस्त लाभ हुआ। इसके विपरीत टाइटन , एनटीपीसी और एचयूएल में घाटा दर्ज किया गया।

बाजार विश्लेषकों ने नीतिगत ब्याज दर को बरकरार रखने की रिजर्व बैंक की घोषणा को बाजार की प्रत्याशाओं के अनुरूप बताया । विशेषज्ञ गौरव दुआ ने कहा कि रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष की पहली समीक्षा में मौद्रिक नीति नरम रखने के अपने नीतिगत रुझान को बरकरार रखने की घोषणा करके वित्तीय बाजारों को भरोसा दिया है कि आर्थिक दशा में सुधार मजबूत बना रहेगा। एशियाई बाजारों में शांघाई और हांगकांग हानि में और सोल व टोक्यो लाभ में बंद हुए।

बैंक ऑफ़ इंडिया Bank of India

आंचलिक कार्यालय, देहरादूनः महावीर टॉवर, सेंट जूड्स, क्रोसिंग, शिमला बायपास रोड, सेवला कलां, जिला देहरादून–248171
फोन नं0: 0135–2640046, 2641002, Email: Dehradun.ARD@bankofindia.co.in

ई–नीलामी सूचना

वर्णित परिशिष्ट–IV क [नियम 8(6) परन्तुक देखें] अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस।

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति–दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित चल/अचल संपत्ति जो प्रतिभूति लेनदार के पास दृष्टिबंधक/प्रभारित है, का प्रलक्षित/वास्तविक कब्जा (इनमें से जो भी लागू होता है) प्रतिभूति लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया द्वारा लिया गया है, को **"जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है"** के आधार पर नीलाम किया जायेगा। ***नीलामी के नियम व शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया दी गई वेबसाइट (a) https://www.bankofindia.co.in /(b) https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp /(c) https://www.eprocure.gov.in. देखें**

गुणों के जांच की तारीख	ईएमडी और दस्तावेजों को जमा करने की अंतिम तिथि और समय	ई नीलामी की तारीख और समय
दिनाकः 20.04.2021 प्रातः 11.00 बजे से 4.00 बजे तक संबंधित शाखा से सम्पर्क करें	दिनाकः 24.04.2021 सायं 05.00 बजे तक ऑनलाइन/ ऑफलाइन से	दिनाकः 30.04.2021 सुबह 10.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ

क्रं. सं.	एनपीए खाते का नाम एवं शाखा	चल/अचल सम्पत्ति/यों का विवरण	मांग नोटिस तिथि / बकाया राशि / कब्जा सूचना	खाते का नाम/ आरटीजीएस/एनईएफटी द्वारा ईएमडी जमा	प्राधिकृत अधिकारी का नाम/फोन नंबर/ ईमेल आईडी	आरक्षित मूल्य / ईएमडी / बोली वृद्धि राशि
1.	मौहम्मद हक अली **ऋणीः– शाखाः हल्द्वानी**	बंधक खाली भूमि के सभी भाग व भूखंड माप 33463.60 वर्गफीट स्थित खाता नं0 00163, खसरा नं0 428/1, ग्राम- चुकती, परगना रूद्रपुर, तहसील- कीचा, उधम सिंह नगर। **स्वामीः** मौहम्मद हक अली	04.05.2019 / रू0 **60,75,926.30** + ब्याज व अन्य खर्चे दिनांक 30.04.2019 से	खाताः मध्यस्थ इनवर्ड आउटवर्ड / **खाता सख्याः** 705190200000033 / **IFSC :** BKID0007051	**श्री मनीष उपाध्याय** **फोन नं.:** 8650568665 **E Mail I.D** -Dehradun.ARD@bankofindia.co.in	57.17 लाख / 6.00 लाख / 0.60 लाख
2.	श्री मंजीत सिंह **ऋणीः– शाखाः हल्द्वानी**	बंधक सम्पत्ति के सभी भाग व भूखंड आवासीय संपत्ति माप 167.28 वर्ग मीटर स्थित खाता नं0 89, खसरा नं0 24/3/1 मिन, प्राइवेट प्लॉट नं0 ए-2, ग्राम- रामेश्वरपुर, तहसील- रूद्रपुर, जिला- उधम सिंह नगर। **सम्पत्ति स्वामीः** श्री मंजीत सिंह।	07.10.2017 / रू0 **15,48,530.40** + ब्याज व अन्य खर्चे दिनांक 01.10.2017 से	खाताः मध्यस्थ इनवर्ड आउटवर्ड / **खाता सख्याः** 705190200000033 / **IFSC :** BKID0007051	**श्री मनीष उपाध्याय** **फोन नं.:** 8650568665 **E Mail I.D** -Dehradun.ARD@bankofindia.co.in	10.00 लाख / 1.10 लाख / 0.10 लाख
3.	न्यू लक्ष्य इंटरप्राइजेज, प्रोपराइटर श्रीमती पार्वती पांडे पत्नी खीमानंद पांडे **ऋणीः– शाखाः हल्द्वानी**	**सम्पत्ति नं0 1.** बंधक प्लांट एवं मशीनरी के सभी भाग व खंड स्थित खेत नं0 11 मि एवं 43 मि, खाता नं0 00003 (1421-1426), ग्राम- हिम्मतपुर, नकयल, तहसील- हल्द्वानी, नैनीताल, **सम्पत्ति स्वामीः** खीमानंद पांडे।	10.06.2019 / रू0 **77,49,987** + ब्याज व अन्य खर्चे दिनांक 31.05.2019 से	खाताः मध्यस्थ इनवर्ड आउटवर्ड / **खाता सख्याः** 705190200000033 / **IFSC :** BKID0007051	**श्री मनीष उपाध्याय** **फोन नं.:** 8650568665 **E Mail I.D** -Dehradun.ARD@bankofindia.co.in	**सम्पत्ति नं0 1** 16.20 लाख / 1.60 लाख / 0.20 लाख
		सम्पत्ति नं0 2. बंधक व्यवसायिक सम्पत्ति के सभी भाग व खंड माप क्षेत्रफल 1194.23 वर्ग मीटर, स्थित खेत नं0 11 मि एवं 43 मि, खाता नं0: 00003 (1421-1426), ग्राम- हिम्मतपुर, नकयल, तहसील- हल्द्वानी, नैनीताल, **सम्पत्ति स्वामीः** खीमानंद पांडे पुत्र श्री गोकुलानंद।				**सम्पत्ति नं0 2** 38.25 लाख / 3.80 लाख / 0.50 लाख
4.	श्री जितेन्द्र जी.शर्मा एवं श्रीमती मोनिका शर्मा **ऋणीः – ज्वालापुर शाखा हरिद्वार**	बंधक आवासीय सम्पत्ति के सभी भाग व खंड माप 809.02 वर्ग फीट, प्लॉट नं0 10, खसरा नं0 276, रामा विहार, ग्राम- दिनारपुर परगना ज्वालापुर, हरिद्वार में स्थित, **सम्पत्ति स्वामिनीः** श्रीमती मोनिका शर्मा	28.04.2017 / रू0 **12,57,641.58** + ब्याज व अन्य 01.04.2017 से	खाताः मध्यस्थ इनवर्ड आउटवर्ड / **खाता सख्याः** 765490200000033 / **IFSC :** BKID0007654	**श्री तरला के. बाखरू** फोन नं.: 9910901125 **E Mail I.D** -Dehradun.ARD@bankofindia.co.in	6.85 लाख / 1.00 लाख / 0.10 लाख
5.	दीपक शर्मा एवं विनीता शर्मा **ऋणीः– शाखाः सराय ज्वालापुर**	बंधक आवासीय प्लॉट नं0 6 बी एवं 7 के सभी भाग व खंड, खसरा नं0 276, रमा विहार, स्थित ग्राम- दिनपुर, परगना, ज्वालापुर, तहसील एवं जिला- हरिद्वार। **सम्पत्ति स्वामीः** विनीता शर्मा एवं श्रीमती ज्योति शर्मा।	05.06.2018 / रू0 **18,55,153** + ब्याज व अन्य खर्चे दिनांक 31.05.2018 से	खाताः मध्यस्थ इनवर्ड आउटवर्ड / **खाता सख्याः** 765490200000033 / **IFSC :** BKID0007654	**श्री तरला के. बाखरू** **फोन नं.:** 9910901125 **E Mail I.D** -Dehradun.ARD@bankofindia.co.in	22.30 लाख / 2.30 लाख / 0.25 लाख

नियम व शर्तेः– (1) सम्पत्तियों की ई–नीलामी ऑनलाइन वेबसाइट **https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp** के माध्यम की जायेगी। पांच मिनट के विस्तार के साथ निर्दिष्ट समय सारिणी के अनुसार होगी, **टॉल फ्री नं0 18001025026,** संपर्क व्यक्ति ऋतेश नाथ मो0 नं0: 09668551395, ई–मेल **rnath@msctindia.co.in** एवं राकेश रंजन, मो0 नं0 09911700233, ई–मेल आइडीः **rranjan@mstcindia.co.in** से प्राप्त किया जा सकता है। (2) उधारकर्त्ता(ओं) का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उप धारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है। (3) बोलीदाताओं को एमएसटीसी के नियमों के अनुसार केवाईसी दस्तावेज व पंजीकरण शुल्क **https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp** पर निलामी की तिथि से पहले जमा कराना होगा पंजीकरण प्रक्रिया में न्यूनतम दो कार्यदिवस लगते हैं। (पंजीकरण प्रक्रिया उपरोक्त वेबसाइट पर विस्तृत है) (4) इच्छुक बोलीदाता ईएमडी राशि आरटीजीएस/एनईएफटी के द्वारा जारी किये गये अपने बोली खाते में जमा कराकर **https://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp.** पर चालान जारी करवा ले (5) इच्छुक बोलीदाता को यह ध्यान रखना चाहिए कि नीलामी की तारीख से कम से कम एक दिन पहले ईएमडी को स्थानांतरित कर दिया जाए एवं पुष्टि करें कि **M/s. MSTC Ltd** के साथ रखा गया उसका वॉलेट ईएमडी राशि को दर्शाता है जिसके बिना सिस्टम बोलीदाता को ई–नीलामी में भाग लेने की अनुमति नहीं देगा। (6) असफल बोलीदाता की ईएमडी को **M/s MSTC Ltd.** के साथ बनाए गए अपने संबंधित वॉलेट में वापस कर दिया जाएगा। असफल बोलीदाता को **M/s MSTC Ltd** से ईएमडी राशि को अपने बैंक खाते में वापस करने के लिए अनुरोध करना होगा। (7) सफल बोलीकर्ता की **EMD** राशि बैंक के पास ही रहेगी। (8) **EMD** राशि पर बैंक द्वारा कोई भी ब्याज देय नहीं होगा। (9) सफल बोलीकर्ता को विक्रय मूल्य यानि अधिकतम बोली राशि का ईएमडी राशि के अतिरिक्त 25% प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बोली स्वीकार किये जाने के तुरन्त पश्चात जमा कराना होगा। शेष बकाया राशि उसे 15 दिन या उसके अन्दर जमा कराना होगा। सफल बोलीकर्ता द्वारा भुगतान के असफल रहने की स्थिति में उसके द्वारा जमा राशि जब्त कर ली जायेगी। (10) इच्छुक व वैध निविदाकर्ता को सभी खर्चे जैसे स्टाम्प ड्यूटी/अतिरिक्त स्टाम्प ड्यूटी/ट्रांसफर चार्जेज फीस आदि व अन्य सभी सांविधिक/गैर सांविधिक देय राशि, कर दरें, मूल्यांकन खर